Shwetdhara

Shwetdhara Milk Producer Company Limited

(Formerly known as Shwetdhara Mahila Milk Producer Company Limited)

संदर्भ संख्या: श्वेतधारा/सीएस/एनसी/2023

नामांकन आमंत्रित करने हेतु सूचना पत्र

श्वेतधारा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ("कंपनी") की आगामी आठवीं वार्षिक आम सभा में कंपनी के बोर्ड में निदेशकों के रिक्त पदों को भरने के लिए 'नामांकन समिति' द्वारा विचार हेतु योग्य सदस्यों से नामांकन आमंत्रित करते हुए निम्नानुसार सूचना जारी किया जाता है:

सदस्य की श्रेणी	रिक्त पदों की संख्या
A	4
B	1
C	0

ऐसे योग्य सदस्य जो रिक्त पद के लिए आवेदन करने के इच्छुक हैं, उन्हें दिनांक- 25.06.2023 तक या उससे पहले कंपनी के 'कंपनी सचिव' को आवश्यक अनुलग्नकों के साथ विधिवत हस्ताक्षरित नामांकन प्रपत्र जमा करना होगा (व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत डाक से या कूरियर सेवा के माध्यम से या ईमेल संलग्नक के रूप में)।

नामांकन प्रपत्र सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत रूप से कंपनी के पंजीकृत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है या कंपनी की वेबसाइट- www.shwetdharamilk.com/category/downloads/ से डाउनलोड किया जा सकता है। किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

नाम	पद	मोबाइल नं.
निखिल अग्रवाल	कंपनी सचिव	7991402222

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड के निर्णयों को प्रासंगिक दस्तावेजों के माध्यम से सदस्यों को अवगत कराया जाएगा और उन्हें आठवीं वार्षिक आम सभा में आमंत्रित करने की सूचना दी जाएगी।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार

Shwetdhara Milk Producer Company Limited ★ AYODHYA

दिनांक: 02.06.2023

स्थान: अयोध्या

कंपनी सचिव

श्वेतधारा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

नामांकन दाखिल करने के नियम एवं शर्तें:

1. केवल कंपनी के सदस्य ही आवेदन करने के योग्य हैं। आवेदक संबंधित श्रेणी का पिछले दो वर्षों से सदस्य होना चाहिए जिसके लिए वह आवेदन कर रही है।
2. आवेदक कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन और आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के अनुच्छेद 9.6 (iii) और 9.16 के प्रावधानों को पूरा करती हो।
3. सदस्य का आवेदन कम से कम 10 एम.पी.पी. के कम से कम 25 सदस्यों (जो सामान श्रेणी वर्ग से संबंधित हों तथा जो आठवीं वार्षिक आम सभा में मतदान करने के लिए योग्य हों) द्वारा प्रस्तावित होना चाहिए।
4. आवेदक के पास पैन कार्ड होना चाहिए।
5. आवेदक बोर्ड द्वारा निर्धारित नामांकन प्रपत्र के साथ स्व-घोषणा प्रस्तुत करेगी। वह सभी आवश्यक स्व-सत्यापित दस्तावेज (जैसे- आयु, शैक्षिक योग्यता, पता/ पहचान प्रमाण पत्र, पैन कार्ड आदि) व्यक्तिगत रूप से कंपनी के कार्यालय में या पंजीकृत डाक द्वारा या कूरियर द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा जमा करेगी।
6. आवेदक को एक दिन की अल्प सूचना पर भी (या तो व्यक्तिगत रूप से या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से या किसी अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम से) साक्षात्कार के लिए नामांकन समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा।
7. नामांकन दिनांक 30.06.2023 तक वापस लिये जा सकेंगे।